कार्यालय
वन मंडल अधिकारी
सिंगरौली (म.प्र.)

E-Mail–dfot.sgl@mp.gov.in

फोन नम्बर–07805–233336

क्रमांक / मा0चि0 / 2715

वैढ़न, दिनांक– 05/06/2021

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
रीवा वृत्त रीवा
मध्य प्रदेश

विषय– वन मण्डल सिंगरौली के परिक्षेत्र बैढ़न के ग्राम मुहेर व पड़री के कक्ष क्र. आर.एफ. 276, 281 एवं पी.एफ. 277, 278, 279 के रकवा 622.783 हेक्टेयर वनभूमि में ब्लॉक–बी ओपन कास्ट कोयला उत्खनन हेतु NCL का व्यपवर्तन का आनलाईन प्रस्ताव क्र. FP/MP/MIN/44294/2020

संदर्भ–
(i) भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक F.No. 8-08/2021-FC दिनांक 20.04.2021 ।
(ii) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश, भोपाल का पत्र क्र0 / एफ–1 / 823 / 2021 / 10–11 / 1393 भोपाल, दिनांक 22.04.2021 ।

*****

विषयांकित प्रकरण नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड ब्लाक–बी क्षेत्र में माइनिंग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत ऑनलाइन प्रस्ताावित है। जिसमें वन परिक्षेत्र बैढ़न अन्तर्गत कक्ष क्रमांक आर.एफ. 276, 281 पी.एफ. 277, 278, 279 कुल रकवा 622.783 हे0 वन भूमि प्रभावित हो रही है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश, भोपाल के संदर्भित पत्र (ii) में उल्लेखित भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के संदर्भित पत्र (i) द्वारा प्रकरण में 08 बिन्दुओं पर जानकारी चाही गई है। भारत सरकार के पत्र में वर्णित बिन्दु क्रमांक iii, vi & vii की जानकारी इस कार्यालय द्वारा चाही गई है। जिसकी जानकारी निम्नानुसार सादर सम्प्रेषित है:–

बिन्दु क्रमांक iii :– भारत सरकार द्वारा लेख किया गया है कि प्रकरण में व्यपवर्तित वनभूमि को Google Earth से देखने पर उक्त वनभूमि में अतिक्रमण दिख रहा है। उक्त के संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी बैढ़न से स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त किया गया जिसके अनुसार उक्त प्रस्तावित स्थल में कोई अतिक्रमण नहीं पाया गया।

बिन्दु क्रमांक vi :– उक्त प्रकरण मे व्यपवर्तित वनभूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित वनभूमि 1300 हे0 में से :–

(1) वन परिक्षेत्र गोरबी के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 155 रकवा 51.097 हे0 में पूर्व में प्रस्तावित परियोजना एन.सी.एल. निगाही परियोजना (रकवा 424.517 हे0) हेतु दिये गये वैकल्पिक वृक्षारोपण क्षेत्र से भिन्न है।

(2) तथा वन परिक्षेत्र प0 सरई के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 594 रकवा 49.873 हे0 एवं वन परिक्षेत्र प0 सरई के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 659 रकवा 43.117 हे0 वनभूमि पूर्व में प्रस्तावित परियोजना एन.सी.एल. निगाही परियोजना (रकवा 424.517 हे0) हेतु दिये गये वैकल्पिक वृक्षारोपण क्षेत्र में सम्मिलित है, जिसके स्थान पर वन परिक्षेत्र प0 सरई के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 674 रकवा 94.00 हे0 का नया स्थल वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु चयन किया गया है।

(3) वन परिक्षेत्र चितरंगी के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 22 रकबा 35.004 हे0 में 24 हे0 सघन वन की श्रेणी में आता है। अतः उक्त क्षेत्र के स्थान पर वन परिक्षेत्र चितरंगी के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 82 रकबा 35.00 हे0 का नया स्थल वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु चयन किया गया है।

बिन्दु क्रमांक vii :– DSS analysis करने पाया गया कि वन परिक्षेत्र गोरबी के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 164 एवं वन परिक्षेत्र चितरंगी के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 64 में पुराना वृक्षारोपण किया गया है। जिसके संबंध में संबंधित परिक्षेत्र अधिकारियों से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया जिसमें पाया गया कि उक्त दोनों स्थल में विगत 10 वर्षों में कोई भी पुराना वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

उक्त नये चयनिय स्थल का वैकल्पिक वृक्षारोपण परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर तकनीकि स्वीकृति हेतु पृथक से भेजा जावेगा।

भारत सरकार के पत्र में वर्णित बिन्दु क्रमांक बिन्दु क्रमांक i, ii, iv & v की जानकारी आवेदक संस्थान के पत्र क्रमांक/NCl/Block-B/GM/21/60 दिनांक 21.04.2021 से प्रस्तुत किया गई है जिसकी छायाप्रति संलग्न सम्प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

मधु व्ही. राज I.F.S.
वन मंडल अधिकारी
सिंगरौली
वैढ़न, दिनांक– 05/06/2021

पृ.क्रमांक/मा0चि0/2716
प्रतिलिपि–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश सतपुडा भवन, म0प्र0 भोपाल की ओर सादर सम्प्रेषित।
2. महाप्रबंधक ब्लाक–बी क्षेत्र नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड की ओर सूचनार्थ।

वन मंडल अधिकारी
सिंगरौली